**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर।**

**.....................................................**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 23 (क) | क्या उप मुख्य मंत्री(चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्लाक-बिहार, जनपद-प्रतापगढ़ में कौन-कौन सी सुविधाँयें मरीजों को प्राप्त हो रही हैं, और पिछले दो वर्षो में कौन-कौन सी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की गयी है? | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्लाक-बिहार, जनपद-प्रतापगढ़ में ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, पैथालाजी, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत इलाज, टी0बी0 मरीजों हेतु डाट्स की उपलब्धता तथा निक्षय पोषण योजना, महिला एवं पुरूष नसबंदी, नेत्ररोग सम्बन्धित मरीजों का उपचार तथा चश्मा वितरण, कुष्ठ रागियों हेतु कुष्ठ निवारण कार्यक्रम तथा दवा की उपलब्धता एवं टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से इलाज की सुविधायें आदि मरीजों को प्राप्त हो रही हैं।<br>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्लाक-बिहार, जनपद-प्रतापगढ़ में पिछले 02 वर्षो में निम्न् सुविधाओं में बढोत्तरी की गयी है :-<br>**(1)** ऑपरेशन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के प्रसव की सुविधा।<br>**(2)** ट्रू नाट मशीन के माध्यम से टी0बी0 के संदिग्ध मरीजों के बलगम की जांच की सुविधा।<br>**(3)** पैथालाजी की सुविधा।<br>**(4)** एन0बी0एस0यू0 कक्ष की स्थापना तथा रेडियन्ट वार्मर व फोटोथेरेपी की सुविधा।<br>**(5)** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को नि:शुल्क अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा।<br>**(6)** 20 शैय्या कोविड-19 वार्ड की स्थापना।<br>**(7)** ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना।<br>**(8)** एक्स-रे मशीन की उपलब्धता। |
| (ख) | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री